श्री बंशीधर नगर गुरुवार
14.05.2026
ज्येष्ठ कृष्णपक्ष द्वादशी संवत 2084
वर्ष : 04, अंक : 260

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:19 बजे
अस्त - 06:17 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 24 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

प्रियेश बने विज्ञान टॉपर >> पेज 03

ग्लैमर और स्टाइल से कान्स में छाईं उर्वशी रौतेला >> पेज 05

**सुविचार**

ऐसे लक्ष्य निर्धारित करें जो आपको शक्तिशाली और प्रेरित महसूस कराएँ जब आप उन पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**न्यूज अपडेट्स**

### झारखंड के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह का निधन



**रांची।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह का बुधवार को निधन हो गया। उन्होंने रांची के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह कई दिनों से बीमार थे और अस्पताल में भर्ती थे। माधव लाल सिंह, गोमिया विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे। वे सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के लिए जाने जाते थे। वे गोमिया क्षेत्र के विकास, आम लोगों की समस्याओं और आम लोगों से सीधे जुड़ाव के कारण जनता के बीच काफी लोकप्रिय थे।

### सोनिया गांधी अस्पताल से घर लौटीं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी बुधवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में नियमित चिकित्सा जांच के बाद घर लौट आईं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में बताया कि सोनिया गांधी ने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में नियमित चिकित्सा जांच कराने के बाद अब घर पहुंच चुकी हैं।

**महंगाई** केन्द्र सरकार ने आयात शुल्क 15 प्रतिशत बढ़ाया, बाजार में अफरा-तफरी

# आयात शुल्क बढ़ने से सोना 8550 रु व चांदी 20500 रु महंगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने कीमती धातुओं पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत बढ़ाया, जिसके बाद बुधवार, 13 मई को स्थानीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। सोने का दाम 8,550 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक हो गया। वहीं, चांदी की कीमतों में भी 20,500 रुपये प्रति किलोग्राम की जबरदस्त वृद्धि हुई। यह बढ़ोतरी सरकार के गैर-जरूरी आयात को कम करने के फैसले का सीधा परिणाम है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, दिल्ली के बाजारों में चांदी का दाम 2,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की



कीमत 8,550 रुपये बढ़कर 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जो पिछली बंद कीमत 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5 फीसदी से अधिक है। सरकार ने बुधवार को सोने और चांदी पर आयात शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया। प्लेटिनम पर भी आयात शुल्क 6.4 फीसदी से बढ़ाकर 15.4 फीसदी किया गया है। ये नई दरें बुधवार से ही प्रभावी हो गई हैं। यह कदम पश्चिम एशिया संकट के बीच बढ़ते आयात बिल को नियंत्रित करने और गैर-जरूरी खरीद को हतोत्साहित करने के लिए उठाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विदेशी मुद्रा व्यय को कम करने के लिए सोने की खरीद पर अंकुश लगाने का आह्वान किया था।

### शुल्क बढ़ोतरी का बाजार पर असर

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस उच्च शुल्क का वास्तविक प्रभाव आने वाले दिनों में खरीद बिलों में दिखाई देगा। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के कमोडिटी अनुसंधान प्रमुख हरीश वी ने बताया कि आयात शुल्क में बढ़ोतरी से स्थानीय कीमतें बढ़ेंगी और भौतिक मांग अस्थायी रूप से कम होगी। हालांकि, उन्होंने निवेशकों को घबराने की सलाह नहीं दी, क्योंकि वैश्विक अनिश्चितता और घरेलू मुद्रा दबाव के समय में सोना एक सुरक्षित निवेश बना हुआ है। विश्लेषकों ने यह भी बताया कि कमजोर रुपये ने भी कीमती धातुओं की कीमतों को बढ़ाया है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 95.80 के निचले स्तर पर आ गया, जिससे विदेशी मुद्रा बहिर्वाह और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों को लेकर चिंताएं बढ़ गईं।

### भारत में सोने की मांग और चुनौतियां

भारत दुनिया में कीमती धातुओं का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। हाल के महीनों में निवेश सहित विभिन्न उद्देश्यों के लिए मांग में लगातार वृद्धि के कारण कीमतें बढ़ी हैं। कच्चा तेल के बाद सोना भारत का दूसरा सबसे बड़ा वस्तु आयात है। सोने की बढ़ती खरीद से विदेशी मुद्रा बहिर्वाह में वृद्धि हुई है, जिससे रुपये पर रिकॉर्ड निचले स्तर तक दबाव पड़ा है। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद ने चेतावनी दी है कि सोने पर आयात शुल्क बढ़ाने से आयात पर अंकुश नहीं लगता, बल्कि कीमतें बढ़ती हैं।

### वैकल्पिक उपाय और वैश्विक स्थिति

आभूषण खुदरा विक्रेताओं ने सुझाव दिया है कि आयात शुल्क बढ़ाने के बजाय सोने और चांदी के आयात पर मात्रात्मक प्रतिबंध लगाना देश के चालू खाता घाटे को नियंत्रित करने का अधिक प्रभावी तरीका होगा। वैश्विक बाजारों में बुधवार को ब्रेंट कच्चा तेल 107 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर कारोबार कर रहा था। हालांकि, विदेशी बाजारों में हाजिर सोना 0.3 फीसदी गिरकर 4,700.86 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि चांदी 1 फीसदी बढ़कर 87.45 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई।

## एअर इंडिया. 400 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती

**नई दिल्ली :** हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंधों और जेट ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण एअर इंडिया ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एयरलाइन अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती करेगी। साथ ही, कुछ विदेशी मार्गों पर सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित की जाएंगी। यह कदम जून से अगस्त के महीनों के लिए उठाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य अपने नेटवर्क की स्थिरता में सुधार लाना है। एअर इंडिया ने बताया कि यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय सेवाओं के लिए किया जा रहा है। हवाई क्षेत्र संबंधी चुनौतियों के कारण उड़ानें संचालित करना मुश्किल हो रहा है। इसके साथ ही, जेट ईंधन की ऊंची कीमतें भी परिचालन लागत बढ़ा रही हैं। दिल्ली-शिकागो, मुंबई-न्यूयॉर्क, दिल्ली-शंघाई और चेन्नई-सिंगापुर जैसे प्रमुख मार्गों पर सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। इनके अलावा, दो अन्य विदेशी मार्गों पर भी उड़ानों का निलंबन होगा। यह फैसला

**एअर इंडिया ने छह मार्गों पर उड़ान सेवाएं निलंबित की**

| | |
|---|---|
| दिल्ली | शिकागो |
| मुंबई | न्यूयॉर्क |
| दिल्ली | शंघाई |
| चेन्नई | सिंगापुर |
| मुंबई | ढाका |
| दिल्ली | माले |



यात्रियों और यात्रा योजनाओं पर सीधा असर डालेगा।

**कटौती के प्रमुख कारण :** एअर इंडिया ने अपने इस फैसले के पीछे दो मुख्य कारण बताए हैं। पहला कारण हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंध हैं, जो कुछ क्षेत्रों में उड़ानों के संचालन को बाधित कर रहे हैं। दूसरा महत्वपूर्ण कारण जेट ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतें हैं। इन ऊंची कीमतों के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण हो गया है। एयरलाइन का लक्ष्य इन चुनौतियों के बीच अपनी परिचालन दक्षता बनाए रखना है। यह कदम लागत कम करने और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। एअर इंडिया ने जिन प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित करने की घोषणा की है, उनमें कई महत्वपूर्ण गंतव्य शामिल हैं।

## अमूल व मदर डेयरी ने बढ़ाये दूध के दाम

**नई दिल्ली।** दुग्ध उत्पादन के दो बड़े ब्रांड अमूल और मदर डेयरी ने अपने विभिन्न उत्पादों के दामों में प्रति लीटर दो रुपये की बढ़ोतरी की है। बढ़ोतरी 14 मई यानी कल से लागू होगी। दोनों कंपनियों ने इस संबंध में बुधवार को एक वक्तव्य जारी किया है। कीमत बढ़ने वाले में फुल क्रीम, टोंड, काऊ, बफेलो मिल्क (दूध) और अन्य उच्च कीमत वाले उनके उत्पाद शामिल है। इस बढ़ोतरी के बाद अब अमूल और मदर डेयरी का फुल क्रीम दूध 70 की बजाय 72 रुपये लीटर मिलेगा। वहीं कॉउ मिल्क 60 के बजाय अब 62 रुपये मिलेगा। दोनों ब्रांड ने लगभग पिछले एक साल में अपने उत्पादों की कीमत में इजाफा नहीं किया है।

**सावन-भादो का एहसास. झारखंड में बारिश व आकाशीय बिजली गिरने को लेकर 15 को ऑरेंज अलर्ट**

# रांची में हुई झमाझम बारिश, पांच डिग्री गिरा तापमान

बंशीधर न्यूज

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में इन दिनों अच्छी बारिश हो रही है। 15 मई को राज्य के उत्तर -पूर्वी और मध्यवर्ती जिलों में बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने की संभावना व्यक्त की गई है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। रांची और आसपास के इलाके सहित राज्य के विभिन्न जिलों में हो रही बारिश की वजह से अधिकतम तापमान सामान्य से 01 से 05 डिग्री कम है। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश रामगढ़ में 44.6 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा राज्य के अन्य इलाकों में बारिश दर्ज की गई उनमें तिलैया डीवीसी में 39.2 मिमी, कोडरमा डीवीसी में 15.2 मिमी, मंझरी में 14.2 मिमी, हजारीबाग जिले के



बरकट्ठा में 08.6 मिलीमीटर, रामगढ़ में 07 मिलीमीटर बड़ी में 05.2 मिलीमीटर और गुमला जिले के बिशनपुर में 04.5 मिलीमीटर सहित अन्य इलाके शामिल हैं। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 39 डिग्री डाल्टनगंज में और सबसे कम न्यूनतम तापमान रांची के नामकुम में 19.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### सुबह आसमान साफ, शाम में गरज के साथ वर्षा

बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और कड़ी धूप रही। इससे प्रचंड गर्मी महसूस की गई। दोपहर बाद रांची और आसपास के इलाकों में बादल छाए रहे और गर्जन के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश के बाद मौसम साफ हो गया और सुहाना हो गया। बारिश होने से तापमान में भी तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, रांची में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम 21.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 34.5 डिग्री और न्यूनतम 25.6 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 39 और न्यूनतम 27.4 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 34.5 डिग्री और न्यूनतम 24.6 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।




## बस लूट की कोशिश नाकाम, हथियार के साथ चार गिरफ्तार

**रांची।** रांची से बिहार के नालंदा जा रही जीवन ज्योति बस में लूट की कोशिश मामले में बुधवार रात चार आरोपितों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में कुंदन कुमार सोनी, अभिजीत कुमार उर्फ अन्नो सिंह, नितिन पांडेय उर्फ अमन और गोलू राम उर्फ गोलु बाल्मोकी शामिल हैं। इनके पास से एक देसी पिस्तौल, एक खोखा और दो मोबाइल जब्त बरामद किया है। सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि 12 मई की रात रांची से नांलदा जाने वाली बस (जीवन ज्योति नामक बस) अरगोड़ा चौक के पहले नो इंट्री के कारण रुकी हुई थी। उसी समय तीन अपराधकर्मी बस के पास आये, जिसमें दो अपराधकर्मी बस में चढ़कर बस चालक को कनपट्टी में हथियार सटा दिये एवं रंगदारी की मांग करने लगे। बस चालक की ओर से विरोध करने पर बस चालक को जान मारने की नियत से फायरिंग किया गया, जिससे बस चालक बाल-बाल बच गये। उसी समय अरगोड़ा चौक पर पुलिस गश्ती गाड़ी में उपस्थित पुलिस कर्मी एवं ट्रैफिक पुलिस कर्मी दौड़कर बस की ओर आये, जिसमें से एक व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया और दो अपराधकर्मी भागने में सफल रहे। सूचना पाकर अन्य पुलिसकर्मी भी वहां तुरंत पहुंचे और वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची को सूचना दी गई। वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक हटिया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। त्वरित कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। टीम की ओर से त्वरित कार्यवाही करते हुए पकड़ाये एक अपराधी के पास से एक अवैध हथियार, खोखा एवं मोबाईल जब्त किया गया। इस संबंध में अरगोडा थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के कम में टीम ने लगातार छापेमारी कर भागे हुए दो अन्य अपराधी तथा हथियार उपलब्ध कराने वाले एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है।

**न्यूज अपडेट्स**

### किसानों के मुद्दे पर सभी प्रखंडों में भाजपा 15 से देगी धरना



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने राज्य सरकार की किसानों से की गई वादाखिलाफी सहित अन्य सभी मुद्दे को लेकर 15 से लेकर 20 मई तक राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों में एकदिवसीय धरना कार्यक्रम का ऐलान किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महागठबंधन सरकार ने चुनाव पूर्व किसानों को लेकर कई बड़े बड़े वादे किए थे, उन वादों को पूरा करने में हेमंत सरकार नाकाम साबित हुई है। झामुमो और कांग्रेस ने अलग अलग जारी अपने घोषणा पत्र में किसानों को 3200 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य देने, वन उत्पादों के एमएसपी में 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने, कृषि कार्य के लिए फ्री बिजली देने, किफायती दर पर खाद बीज, कृषि उपकरण देने सहित कई वादे किए। लेकिन सरकार बनते ही यह सरकार उन्हें भूल गई। किफायती दर पर खाद देने की बात तो दूर उल्टे उसकी कालाबाजारी की जा रही है। 266 वाली यूरिया की बोरी 550 से लेकर 800 रुपये तक बेची गई है और तो और झारखंड में पीडीएस के नमक तक की कालाबाजारी हो रही है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की ओर से चलाई जा रही मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना को हेमंत सरकार ने बंद कर दिया है। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में भी अवरोध पैदा किया गया। साहू ने कहा कि मौजूदा हेमंत सरकार पूरी तरह किसान और गरीब विरोधी है। इस सरकार का चेहरा पूरी तरह बेनकाब किया जाएगा।

**कराटे** आरके पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस कराटे प्रतियोगिता

# वेद प्रकाश ने मारी बाजी, प्रथम पुरस्कार

### कराटे केवल मार्शल आर्ट नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है : प्रधानाचार्य

बंशीधर न्यूज





**श्री बंशीधर नगर :** आरके पब्लिक स्कूल अधौरा में बुधवार को इंटर हाउस कराटे प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश पाण्डेय ने दीप जलाकर किया। तत्पश्चात विद्यालय के चारों हाउस गंगा, यमुना, सरस्वती एवं कावेरी के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में पूरे उत्साह एवं जोश के साथ भाग लिया। सफेद कराटे ड्रेस में सजे प्रतिभागियों की अनुशासित परेड ने पूरे वातावरण को ऊजार्वान बना दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय विद्यालय के शिक्षक राहुल सोनी, रविकांत चौबे और लक्की गुप्ता द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। प्रतियोगिता को कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग में काता और कुमिते श्रेणियों में आयोजित किया गया। काता में विद्यार्थियों ने कराटे की तकनीकों का लयबद्ध एवं संतुलित प्रदर्शन कर अपनी एकाग्रता का परिचय दिया। वहीं कुमिते के मुकाबलों में प्रतिभागियों ने फुर्ती, सटीकता एवं आत्म-नियंत्रण का शानदार नमूना पेश किया। प्रत्येक दांव में आत्मरक्षा का संदेश स्पष्ट था। अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने तालियों से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को और सुदृढ़ करने में सफल रही। वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 9 के छात्र वेद प्रकाश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि शौर्य प्रताप देव ने द्वितीय तथा कड़े मुकाबले के बाद शुभन यादव एवं आर्यन चौबे को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। कनिष्ठ वर्ग में भी बच्चों ने अद्भुत प्रतिभा दिखाई। कक्षा 2 से अमित कुमार, कक्षा 3 से शिवाय सिंह, कक्षा 4 से साक्षी देव एवं शिवानी तथा कक्षा 5 से आरुषि एवं प्राची केश्वी ने पुरस्कार जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य राजेश पाण्डेय ने सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र, मैडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के कराटे प्रशिक्षक मनोज सेंसी को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें शॉल ओढ़ाकर बेस्ट कोच अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनके कुशल मार्गदर्शन एवं अथक परिश्रम के कारण ही विद्यार्थी कराटे के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाईयां छू रहे हैं। अपने संबोधन में स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश पाण्डेय ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुये कहा कि कराटे केवल मार्शल आर्ट नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। यह अनुशासन, धैर्य, आत्म-नियंत्रण और आत्मरक्षा सिखाता है। उन्होंने वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग के सभी विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अखिलेश पाण्डेय, प्रतिभा कुमारी, श्रीसंत पाण्डेय, प्रीति देव, सुप्रिया कुमारी, प्रीति देवी, प्रिया कुमारी, प्रीति सोनी, कार्तिकेय, रेणु, अहसन अली, आयुष राज एवं सुफिया नाहिद का सराहनीय योगदान रहा। यमुना हाउस ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती। खेल प्रभारी के धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं, घायल युवक को तत्काल इलाज के लिये भेजा एमएमसीएच



**मेदिनीनगर :** डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये आमजनों ने अपनी-अपनी समस्याओं से डीसी को अवगत कराया। जनता दरबार में जमीन पर अवैध कब्जा, जमीन मापी, भू-अर्जन के तहत मुआवजा भुगतान, पीएम आवास योजना की राशि भुगतान, डीलर द्वारा राशन नहीं दिये जाने, जमीन म्यूटेशन लंबित रहने, ऑनलाईन रसीद नहीं कटने, पेंशन, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, पेयजलापूर्ति, शिक्षा एवं कल्याण विभाग से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। उन्होंने सभी की बातों को ध्यान से सुनने के बाद संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुये मामलों के शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान डीसी की मानवीय संवेदना भी देखने को मिली। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र निवासी बबलू गौड़ ने डीसी को बताया कि क्रशर दुर्घटना में उनका पैर कट गया है, जिसके बाद से वे बेरोजगार हो गये हैं तथा आर्थिक तंगी के कारण समुचित इलाज भी नहीं करा पा रहे हैं। यह सुनते ही उन्होंने तत्काल पहल करते हुये एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें इलाज के लिये एमएमसीएच भेजवाया तथा अस्पताल अधीक्षक को बेहतर एवं समुचित इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### जनता पानी और सड़क के लिये परेशान, निगम में चैंबर सजाने पर खर्च हो रहे लाखों : सन्नी शुक्ला



**मेदिनीनगर :** झामुमो नेता सन्नी शुक्ला ने नगर निगम में मेयर और डिप्टी मेयर चैंबर की सजावट एवं फर्नीचर पर करीब 10 लाख रुपये खर्च किये जाने को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जब शहर की जनता पानी, सड़क, सफाई और बुनियादी सुविधाओं के संकट से जूझ रही है, तब जनप्रतिनिधियों के कमरों की सजावट को प्राथमिकता देना जनता के साथ अन्याय है। सन्नी शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को अपना घर बनाने के लिये मात्र दो लाख रुपये मिलते हैं और उसी राशि के लिये जरूरतमंद लोगों को निगम कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। ऐसे में मेयर और डिप्टी मेयर के केवल दो चैंबरों पर 10 लाख रुपये खर्च करने का निर्णय कई सवाल खड़े करता है। झामुमो नेता ने आरोप लगाया कि शहर में पेयजल संकट गहराता जा रहा है, सड़कों पर गड्ढे हैं और कई वार्डों में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति बदहाल है, लेकिन जनता के टैक्स के पैसे का उपयोग विकास कार्यों के बजाय आरामदायक चौंबरों की सजावट पर किया जा रहा है। उन्होंने इसे फिजूलखर्ची करार देते हुए कहा कि जनता टैक्स विकास और जनसुविधाओं के लिये देती है, न कि आलीशान कार्यालयों के निर्माण के लिये।

### मेराल के संगबरिया से 13 वर्षीय छात्र लापता, स्कूल से नहीं लौटा घर



**मेराल :** थाना क्षेत्र के संगबरिया गांव निवासी दिलीप साह का 13 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार 12 मई को लापता हो गया है। शुभम मंगलवार की सुबह स्कूल जाने के लिये घर से निकला था, लेकिन वह दोपहर बाद तक घर वापस नहीं लौटा तो पूरा परिवार गांव घर के साथ-साथ रिश्तेदारों के यहां भी खोजबिन किया गया, परंतु कहीं पता नहीं चला। अंत में थक हार कर बुधवार की सुबह में दिलीप साह के द्वारा मेराल थाना को आवेदन देकर शुभम को अपने स्तर से खोजने की गुहार लगाई है। उन्होंने आम जनता से भी शुभम को खोजने में मदद की अपील करते हुये कहा है कि शुभम सरकारी स्कूल ड्रेस पहने हुये है, गेहुआं गोरा रंग का शुभम की लंबाई 4 फीट 5 इंच है, वह हिंदी में बोलता है। परिवार का अनुरोध है कि यदि किसी को उक्त हुलिया का बच्चा दिखे या मिले तो इसकी जानकारी मेराल थाना प्रभारी के फोन नंबर 95824 93683 पर दें। साथ ही इस खबर को ज्यादा से ज्यादा शेयर करें ताकि शुभम को जल्द सकुशल घर वापस लाने में मदद मिल सके।

### झारखंड के जिला अस्पतालों में लगेंगे फुली ऑटोमेटिक पैथोलॉजी मशीनें : सचिव

# एक साथ 50 सैंपलों की हो सकेगी जांच



**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में फुली ऑटोमेटिक पैथोलॉजी मशीनें स्थापित करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में इन मशीनों को स्थापित किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में राज्य के सभी सीएचसी और पीएचसी स्तर तक इसका विस्तार किया जाएगा। सचिव नेपाल हाउस स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बुधवार को पैथोलॉजी जांच करने के लिए मशीन बनाने वाली मेरिल कंपनी के साथ बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान कंपनी ने मशीन का प्रेजेंटेशन भी दिया। सचिव ने कहा कि 15 जून तक सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में मशीनों की स्थापना हो। प्रेजेंटेशन के दौरान मेरिल कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि राज्य के अस्पतालों में पूर्व से लगी सेमी ऑटोमेटिक पैथोलॉजिकल मशीनों को बदलकर नई फुली ऑटोमेटिक मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। इन मशीनों की विशेषता यह होगी कि एक साथ 50 सैंपलों की जांच की जा सकेगी। कंपनी की ओर से मशीनों पर 10 वर्षों तक मेंटेनेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। नई मशीनों के माध्यम से यूरिन और ब्लड से संबंधित लगभग सभी पैथोलॉजिकल जांचें की जा सकेंगी। मशीन से प्राप्त जांच रिपोर्ट सीधे मरीज के मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी जा सकेगी। कंपनी संबंधित मैनपावर को प्रशिक्षण देने के साथ सॉफ्टवेयर संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी निभाएगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव के साथ अवर सचिव धीरंजन शर्मा, मेरिल कंपनी के पदाधिकारी और सी कैड के प्रतिनिधि मौजूद थे।



# गढ़वा में 20 मई को सभी दवा दुकानें रहेंगी बंद

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** ऑल इंडिया ऑर्गेनाईजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एवं झारखंड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त निर्देश पर गढ़वा जिले की सभी दवा दुकानें 20 मई को पूर्ण रूप से बंद रहेंगी। गढ़वा केमिस्ट एसोसिएशन ने ऑनलाईन दवा बिक्री, कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा दी जा रही भारी छूट तथा नकली दवाओं की बढ़ती समस्या के विरोध में प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल में शामिल होने की घोषणा की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष आद्याशंकर पांडेय ने प्रेसवार्ता में बताया कि ऑनलाईन दवा बिक्री के कारण छोटे दवा व्यवसायियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि बड़ी कंपनियां भारी छूट देकर बाजार पर कब्जा करने का प्रयास कर रही हैं, जिससे स्थानीय दवा दुकानदारों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। सीमित मार्जिन के कारण दुकान का किराया, कर्मचारियों का वेतन एवं अन्य खर्च निकालना भी मुश्किल हो रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ऑनलाईन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से नशीली दवाओं की बिक्री में वृद्धि हो रही है, जिससे युवाओं में इसके दुरुपयोग के मामले बढ़ रहे हैं। एसोसिएशन ने सरकार से ऑनलाईन दवा बिक्री पर तत्काल रोक लगाने और नकली दवाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि देशभर में लगभग 12 लाख 40 हजार पंजीकृत दवा दुकानें हैं, जिनसे लाखों परिवारों की आजीविका जुड़ी हुई है। यदि ऑनलाईन दवा बिक्री पर नियंत्रण नहीं लगाया गया तो छोटे दुकानदारों के सामने गंभीर आजीविका संकट खड़ा हो सकता है। एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि 15 मई से जिले के सभी दवा व्यवसायी काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद 20 मई को जिले की सभी दवा दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहेंगी, ताकि सरकार तक उनकी मांगें प्रभावी तरीके से पहुंच सकें। मौके पर एसोसिएशन के सचिव नंद किशोर श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मनीष कश्यप, मुरली प्रसाद गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, संतोष गुप्ता, संतोष दुबे, जितेंद्र कुमार, अशोक गुप्ता सहित कई दवा व्यवसायी उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### दो वाहनों की टक्कर में दो की मौत

**छतरपुर :** छतरपुर थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव में दो वाहनों की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान सदर थाना क्षेत्र के सुवा कौड़िया गांव निवासी मनोहर टेंगा के 22 वर्षीय पुत्र विकास कुमार और दूसरा गढ़वा जिले के डंडई थाना क्षेत्र के बौलिया गांव निवासी रमेश परहिया के पुत्र अनूज कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि मंगलवार की शाम दोनों युवक गढ़वा जिले के डंडई थाना क्षेत्र के बौलिया गांव से बाईक पर सवार होकर अपने रिश्तेदार के बारात में शामिल होने छतरपुर थाना क्षेत्र के लहेरिया गांव गये थे। दोनों युवक बुधवार की सुबह बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में मदनपुर गांव के समीप एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाईक को धक्का मार दिया, जिसमें बाइक से गिरकर दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये। लोगों से मिली सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची छतरपुर थाना पुलिस ने दोनों घायल युवकों को इलाज के लिये एमएमसीएच भेजवाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद दोनों मृतक के परिजन एमएमसीएच पहुंच गये हैं।

## रिजल्ट अराधना कुमारी ने वाणिज्य में किया प्रथम स्थान हासिल

# प्रियेश बने विज्ञान टॉपर

बंशीधर न्यूज





**गढ़वा :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल गढ़वा ने इस वर्ष भी शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया है। विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुये विद्यालय, अभिभावकों एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल बन गया। छात्र-छात्राओं ने सफलता के बाद एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। वहीं शिक्षकों और अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर संतोष और प्रसन्नता जताई। विज्ञान संकाय में छात्र प्रियेश यादव ने 80.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने अंग्रेजी में 87, गणित में 75, भौतिकी में 80, शारीरिक शिक्षा में 79 तथा सूचना प्रौद्योगिकी में 82 अंक प्राप्त किये। शिक्षकों ने उनकी मेहनत और अनुशासन की सराहना करते हुये उन्हें अन्य विद्यार्थियों के लिये प्रेरणास्रोत बताया। विज्ञान संकाय में ही लवली कुमारी ने 83, जीव विज्ञान में 79, भौतिकी में 68, रसायन विज्ञान में 85 तथा शारीरिक शिक्षा में 84 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं सिवांशु कुमार मौर्य ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुये तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अंग्रेजी में 88, भौतिकी में 57, रसायन विज्ञान में 70, गणित में 70 तथा सूचना प्रौद्योगिकी में 70 अंक प्राप्त किये। वहीं वाणिज्य संकाय में अराधना कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अंग्रेजी में 91, लेखाशास्त्र में 61, व्यवसाय अध्ययन में 60, अर्थशास्त्र में 73 तथा शारीरिक शिक्षा में 81 अंक हासिल किये। उनकी सफलता पर शिक्षकों ने कहा कि यह निरंतर मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। वहीं आकांक्षा कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अंग्रेजी में 72, लेखाशास्त्र में 45, व्यवसाय अध्ययन में 64, अर्थशास्त्र में 70 तथा शारीरिक शिक्षा में 78 अंक हासिल किये। विद्यालय के प्राचार्य आशीष कुमार मंडल ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध रहा है और शिक्षा के साथ अनुशासन एवं संस्कार पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे।

# ज्ञान निकेतन का सीबीएसई 12 वीं में शत-प्रतिशत परिणाम, पलक अग्रवाल बनीं टॉपर

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** सीबीएसई 12 वीं परीक्षा में ज्ञान निकेतन कान्वेंट प्लस टू स्कूल गढ़वा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। स्कूल की छात्रा पलक अग्रवाल ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। करण कुमार गुप्ता ने 85 प्रतिशत, अंकित राज ने 84 प्रतिशत, ऋषभ राज ने 83 प्रतिशत, गौतम कुमार गुप्ता ने 82 प्रतिशत तथा अनुराग कुमार ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विषयवार प्रदर्शन में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट सफलता हासिल की। अंग्रेजी में सर्वाधिक 92 प्रतिशत, बायोलॉजी में 97 प्रतिशत, केमिस्ट्री में 95 प्रतिशत, फिजिक्स में 92 प्रतिशत, मैथ में 86 प्रतिशत, फिजिकल एजुकेशन में 95 प्रतिशत तथा पेंटिंग में 99 प्रतिशत अंक विद्यार्थियों ने प्राप्त किये। वहीं कॉमर्स संकाय में पीयूष कुमार पांडेय ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्कूल के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुये सभी छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय की स्थापना के बाद से ही बेहतर परीक्षा परिणाम की परंपरा कायम है। इसका श्रेय शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन, विद्यार्थियों की मेहनत तथा अभिभावकों के सहयोग को जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कुल 57 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुये थे, जिनमें 29 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त की। साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये। प्राचार्य सीबी सिन्हा ने इस सफलता का श्रेय शिक्षक टीम की मेहनत, स्कूल प्रबंधन के कुशल मार्गदर्शन तथा विद्यार्थियों के अथक परिश्रम को दिया।

## विश्रामपुर में टीचर नीड्स असेसमेंट कार्यक्रम शुरू

**विश्रामपुर :** प्रखंड में शिक्षकों के व्यावसायिक दक्षता विकास को लेकर आयोजित टीचर नीड्स असेसमेंट कार्यक्रम की शुरुआत हो चुकी है। यह मूल्यांकन कार्यक्रम 12, 13 एवं 14 मई को प्लस टू जेबी हाईस्कूल रेहला स्थित परीक्षा केंद्र पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें प्रखंड के प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालयों के शिक्षक निर्धारित शेड्यूल के अनुसार भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के पहले दिन दोनों सत्रों में कुल 116 शिक्षकों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक बैच में 58-58 शिक्षक शामिल रहे। दूसरे दिन भी दोनों सत्रों में 56-56 शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज की गई। तीन दिवसीय इस ऑनलाईन मूल्यांकन कार्यक्रम में सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों की सहभागिता अनिवार्य की गई है। शिक्षा विभाग के अनुसार टीएनए के माध्यम से शिक्षकों की शैक्षणिक आवश्यकता, दक्षता स्तर एवं प्रशिक्षण संबंधी जरूरतों का आकलन किया जाता है। इसी के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप 50 घंटे का कंटीन्यूअस प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किया जाता है, जिसे ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनों माध्यमों से संचालित किया जाता है। पूरी परीक्षा प्रक्रिया डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संचालित की जा रही है। शिक्षकों को ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर उपलब्ध शिक्षक आईडी के माध्यम से एक सप्ताह पूर्व ही परीक्षा का शेड्यूल उपलब्ध करा दिया गया था। इसके अलावा व्हाट्सएप, ई-मेल एवं सेंटा एप के माध्यम से भी सूचना दी गई थी। परीक्षा के दौरान शिक्षक अपने पंजीकृत मोबाईल नंबर अथवा टैबलेट से परीक्षा लिंक खोलकर निर्धारित सेंटर कोड के माध्यम से परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। दो घंटे की इस ऑनलाईन परीक्षा में कुल 60 प्रश्न पूछे जा रहे हैं, जिनके लिये 120 अंक निर्धारित हैं। पूर्व में आयोजित टीएनए के आधार पर राज्य के शिक्षकों को चार अलग-अलग कोहोर्ट में विभाजित किया गया है, जिसके अनुरूप विषयवार प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किया गया है। यह प्रशिक्षण जे गुरुजी प्लेटफॉर्म के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिये बीआरसी स्तर पर विशेष टीम गठित की गई है। इसका नेतृत्व बीपीएम कर रहे हैं। जबकि बीआरपी मनोज पाठक समन्वय की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। तकनीकी सहयोग के लिये नीरज कुमार पांडेय को प्रतिनियुक्त किया गया है, जो परीक्षा संचालन में शिक्षकों को सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इसी दौरान जनगणना 2027 को लेकर भी शिक्षकों को जागरूक किया जा रहा है। बीडीओ जो जनगणना कार्य के चार्ज पदाधिकारी भी हैं, परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर शिक्षकों को स्वगणना शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने 15 मई से पूर्व सभी शिक्षकों को अपनी स्वगणना सुनिश्चित करने और अन्य शिक्षकों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया।

## मझिआंव के बीज भंडारों में सघन जांच, कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त

**मझिआंव :** नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित सभी बीज भंडारों में बुधवार को सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व बीडीओ श्रीमती कनक एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुरेश उरांव ने संयुक्त रूप से किया। जांच के दौरान स्थानीय प्रशासन की टीम भी मौजूद रही। अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज, खाद एवं कृषि दवाईयां उपलब्ध कराना तथा बाजार में होने वाली कालाबाजारी पर रोक लगाना था। अधिकारियों ने विभिन्न दुकानों का निरीक्षण करते हुये लाईसेंस, स्टॉक रजिस्टर एवं बिक्री व्यवस्था की भी जांच की। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि केवल उन्हीं दुकानों में कृषि सामग्री की बिक्री की जाय, जिन्हें विधिवत लाईसेंस प्राप्त है। साथ ही यह भी जांच की गई कि कहीं दुकानदार अवैध भंडारण कर कृत्रिम कमी पैदा कर अधिक कीमत पर बिक्री तो नहीं कर रहे हैं। बीडीओ ने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि खेती के मौसम में बीज, खाद और कृषि दवाईयों की कृत्रिम कमी पैदा कर मनमानी कीमत वसूलने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। वहीं प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुरेश उरांव ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता किसानों को समय पर कृषि सामग्री उपलब्ध कराना है। इसके लिये विभाग लगातार निगरानी रख रहा है और इस तरह के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

## पुलिस ने फरार दो अभियुक्तों के घर चस्पा किया इश्तेहार



**भवनाथपुर :** पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर बुधवार को आरोपियों के घर इश्तेहार चस्पा किया है। फरार अभियुक्तों में नीरो देवी उर्फ ललिता देवी पति गिरजा बैठा उर्फ शंकर कुमार रजक तथा नीरज कुमार रजक उर्फ बुचुन बैठा पिता बहादुर बैठा के नाम शामिल हैं। दोनों अभियुक्त ग्राम कोल मोड़ गड़ेरियाडीह, थाना केतार, जिला गढ़वा के निवासी बताये गये हैं। दोनों के विरुद्ध भवनाथपुर थाना में हत्या का मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहे हैं तथा गिरफ्तारी के भय से लगातार ठिकाना बदल रहे हैं। मामले के अनुसंधान में भी वे सहयोग नहीं कर रहे हैं। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत उनके घरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर इश्तेहार चस्पा किया है। बुधवार को पुलिस टीम गांव पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में ढोल-नगाड़ा बजाकर पूरे गांव में उद्घोषणा की। इस दौरान पुलिस ने अभियुक्तों से जल्द न्यायालय में आत्मसमर्पण करने या गिरफ्तारी देने की चेतावनी दी।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय में बाल विवाह उन्मूलन पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम

# बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करने पर बल

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा की ओर से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय रंका में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा की सचिव निभा रंजना लकड़ा ने की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में बच्चों ने पारंपरिक झारखंडी रीति-रिवाजों के साथ अतिथियों का स्वागत किया। दीप, तिलक एवं फूलमाला के साथ स्वागत कर बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अनिमा बेक सहित विद्यालय परिवार के सदस्यों ने भी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को और भी प्रभावी बना दिया। डालसा सचिव निभा रंजना लकड़ा ने बच्चों एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि नालसा के निर्देशानुसार ग्रामीण एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में बाल विवाह उन्मूलन जागरूकता लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को समाप्त करना है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत यदि लड़की की उम्र 18 वर्ष से कम और लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम हो तो वह बाल विवाह माना जाता है, जो एक दंडनीय अपराध है। इसमें 2 वर्ष तक की सजा और 1 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। सचिव ने कहा कि बच्चों, अभिभावकों और समाज के सभी हितधारकों को बाल विवाह से जुड़े सामाजिक दबावों के खिलाफ जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी बाल विवाह की सूचना टोल फ्री नंबर 1098 या 15100 पर दी जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बच्चों ने गुड टच और बैड टच विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। उपस्थित अधिकारियों ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुये इसे अत्यंत प्रभावी बताया। कार्यक्रम में मानसिक रूप से बीमार एवं बौद्धिक दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सहायता योजना, 2024 पर भी जानकारी दी गई। सचिव ने कहा कि जिला, ब्लॉक, पंचायत एवं विद्यालय स्तर पर नियमित जागरूकता के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका, शिक्षक, पीएलवी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



# बीपीएम ने मेराल के उत्क्रमित मध्य विद्यालय का किया निरीक्षण

**मेराल :** डीसी के आदेश के आलोक में जिले के सभी बीपीओ एवं बीईईओ को विद्यालयों के निरीक्षण एवं अनुश्रवण का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में मेराल बीपीएम रवि कुमार वैद्य ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय ब्लॉक कॉलोनी मेराल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, आधारभूत संरचना, स्वच्छता एवं विभिन्न योजनाओं के संचालन का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान बीपीएम ने विद्यालय संचालन व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति, पठन-पाठन की स्थिति तथा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। विद्यालय में बालक एवं बालिका के लिये अलग-अलग क्रियाशील शौचालय की व्यवस्था देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। वहीं पेयजल के लिये उपलब्ध आरओ डिस्पेंसर की कार्यशील स्थिति की भी सराहना की। उन्होंने विद्यालय में विद्युत व्यवस्था, किचन गार्डन, प्रयोगशाला, एफएलएन कार्यक्रम, आईसीटी आधारित शिक्षण व्यवस्था एवं कंप्यूटर लैब का भी निरीक्षण किया। कंप्यूटर लैब एवं आईसीटी की क्रियाशीलता को देखकर उन्होंने प्रसन्नता जताई और इसे बच्चों के आधुनिक शिक्षा से जोड़ने की दिशा में बेहतर पहल बताया। बीपीएम ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों द्वारा समय-समय पर बच्चों की जांच कराना स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से काफी उपयोगी पहल है। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने पीएम पोषण योजना, पुस्तक वितरण व्यवस्था तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का भी जायजा लिया। विद्यालय परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं वर्षा जल संचयन की व्यवस्था को देखकर उन्होंने विशेष संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्षा जल को फिल्टर कर संरक्षित करना तथा अतिरिक्त पानी को सोख्ता के माध्यम से भूगर्भ में पहुंचाने की व्यवस्था पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम है। अनुश्रवण के दौरान वे विभिन्न कक्षाओं में पहुंचे और बच्चों से विषय संबंधित प्रश्न पूछे। बच्चों द्वारा दिये गये संतोषजनक उत्तरों पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। बीपीएम ने विद्यालय के समग्र संचालन, स्वच्छ वातावरण, शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुये संतोष व्यक्त किया। मौके पर प्रधानाध्यापक गंगेश पांडेय सहित विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**चैनपुर :** अवैध खनन व परिवहन को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत चैनपुर थाना पुलिस ले बुधवार की अहले सुबह थाना क्षेत्र अंतर्गत चेडाबार पुल के पास से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है। छापामारी के दौरान ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। पुलिस वाहन को जब्त कर थाना ले आई है। परिसर में सुरक्षित रखा गया है। में थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि बालू कारोबारी चेडाबार व पूर्वडीहा नदी से अवैध रूप से बालू उत्खनन व परिवहन कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने छापामारी कर एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने वाहन मालिक के खिलाफ नियमानुसार अवैध खनन के खिलाफ खनन विभाग व परिवहन विभाग को आगे की कार्रवाई के लिये प्रतिवेदन भेज दिया है।

### महिला ने लगाई फांसी, गंभीर

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर के शांतिपुरी मुहल्ला निवासी एक महिला ने आत्महत्या का प्रयास किया है। जानकारी के अनुसार शांतिपुरी निवासी अनुज अग्रवाल की पत्नी सलोनी कुमारी ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। घटना से पहले महिला की उसके पति से फोन पर बात हुई थी और उसके कुछ देर बाद उसने यह कदम उठाया। परिजनों व स्थानीय लोगों ने सलोनी को फांसी के फंदे पर झूलता देख तुरंत नीचे उतारा और इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुये डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिये हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

## सम्मान | विद्या मंदिर में मेधा सम्मान समारोह आयोजित

# 10 विद्यार्थियों को दिये गये मोमेंटो व अंगवस्त्र

बंशीधर न्यूज




**श्री बंशीधर नगर :** सरस्वती विद्या मंदिर में बुधवार को मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, अभिभावक हाजी मंजर काश्मी एवं शशिकांत पाण्डेय ने संयुक्त रूप से भारत माता, ओम तथा मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया। तत्पश्चात जैक बोर्ड माध्यमिक परीक्षा 2026 में विद्यालय स्तर पर टॉप 10 स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही आगंतुक अभिभावकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि आचार्य, भैया -बहन एवं अभिभावक के कठिन परिश्रम से यह उत्कृष्ट सफलता विद्यालय को प्राप्त हुआ है। इस स्कूल के टॉप टेन के छः बहनों ने गढ़वा जिला टॉप टेन में भी अपनी स्थान बनाकर अपने जिला का नाम रौशन किया है। आप भैया-बहन आगे भी इसी मनोयोग से अपना अध्ययन टाइम मैनेजमेंट के साथ करते हुये इस उपलब्धि को बरकरार रखेंगे। समारोह में आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नीरज सिंह, अविनाश कुमार, सुजीत दुबे, अभिभावक उत्तम चंद जायसवाल, ब्रजेश चौबे, सत्येन्द्र गुप्ता, देवनन्दन यादव, राजकुमार चन्द्रवंशी, श्रवण प्रसाद, खुशबू सिंघल, अनुराधा देवी, जया देवी आदि उपस्थित थें। मेधा सम्मान समारोह के समापन के बाद पूर्व में चुनाव से चयनित बाल संसद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, सेनापति व सहसेनापति दायित्वधारियों का विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद और प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा शपथ ग्रहण कराकर बैज दिया गया।

### जिन्हें सम्मानित किया गया

विद्यालय स्तर पर टॉप टेन छात्रों में यशफी रानी ने 476 अंक के साथ 95.20%, आयुषी कुमारी 475 अंक के साथ 95 % पल्लवी कुमारी 474 अंक के साथ 94.80 %, स्नेहा कुमारी गुप्ता 473 अंक के साथ 94.60%, सुकृति चौबे 469 अंक के साथ 93.80%, गुंजा यादव 469 अंक के साथ 93.80 %, चाहत जायसवाल 465 अंक के साथ 93 %, जैश कुमार 460 अंक के साथ 92%, पीहू अग्रवाल 460 अंक के साथ 92%, शुचि पाण्डेय 457 अंक के साथ 91.40%, वैष्णवी कुमारी,454 अंक के साथ 90.8%, पीयूष कुमार 452 अंक के साथ 90.40% के नाम शामिल हैं।

# अवैध संबंध में लड़की के घर में पकड़ा गया युवक, परिजनों ने की जमकर धुनाई

बंशीधर न्यूज



**बरडीहा :** बरडीहा थाना अंतर्गत सलगा गांव से एक हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है। बरडीहा गांव निवासी अजय पासवान के पुत्र मुन्ना पासवान सलगा गांव में बुधवार की अहले सुबह एक अविवाहित लड़की के साथ अवैध संबंध को लेकर घर में पकड़ा गया। इसके बाद गांव घर के परिजनों ने उक्त युवक की जमकर धुनाई कर दी। वहीं मारपीट की घटना की जानकारी थाना को दी गई।जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसके बाद थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस तुरंत वहां पहुंची और युवक को अपने हिरासत में लेकर जान बचाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में शादी थी। इसका फायदा उठाते हुये युवक लड़की के घर में जा घुसा और रात भर कमरे में बंद रहा। सुबह होते ही परिजनों को मालूम चला उसके बाद उसे घर से बाहर निकाल कर जमकर धुनाई की। जिससे वहां भीड़ लग गई। उधर इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल को तुरंत भेजा गया और उक्त लड़के को हिरासत में लेकर थाना में रखा गया। देर शाम तक लड़की वालों ने लड़के के खिलाफ आवेदन नहीं दिया। इसके बाद लड़के को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

## नीट. झामुमो का केंद्र सरकार पर हमला, शिक्षा मंत्री से मांगा इस्तीफा

**गढ़वा :** नीट परीक्षा को लेकर लगातार उठ रहे सवालों और कथित पेपर लीक मामलों के बीच झारखंड छात्र मोर्चा गढ़वा ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर तीखा हमला बोला है। मोर्चा के जिलाध्यक्ष निशांत चतुर्वेदी ने जारी एक प्रेस बयान में मोदी सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुये इसे देश के शिक्षा इतिहास का सबसे काला अध्याय बताया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार एक बार फिर परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित ढंग से संचालित कराने में विफल साबित हुई है। उन्होंने तंज कसते हुये कहा कि देश में पेपर लीक सबसे सुरक्षित और बारहमासी उद्योग बन चुका है। छात्रों की मेहनत और तपस्या पर लीक तंत्र भारी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि परीक्षा पे चर्चा बहुत हो चुकी, अब लीक पर जवाबदेही तय करने का समय है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार पेपर लीक होने से करोड़ों गरीब, मध्यमवर्गीय और मेहनती छात्रों के सपनों के साथ खिलवाड़ हो रहा है। परीक्षा रद्द होने के बाद छात्रों को दोबारा मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता का सामना करना पड़ता है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र, जो सीमित संसाधनों के बावजूद डॉक्टर बनने का सपना लेकर तैयारी करते हैं, वे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। निशांत ने केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोलते हुये कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है और अब उनकी परीक्षाएं भी सुरक्षित नहीं रह गई हैं। उन्होंने कहा कि उज्ज्वल भविष्य का दावा करने वाली सरकार अब लीक सरकार बन चुकी है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर भी निशाना साधते हुये कहा कि उनके कार्यकाल में लगातार प्रश्नपत्र लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेते हुये तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिये। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह केवल एक परीक्षा का मामला नहीं, बल्कि देश की चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि एनटीए जैसी जिम्मेदार संस्था भी अपनी विफलताओं पर स्पष्ट जवाब देने के बजाय गोलमोल बातें कर रही है, जिससे छात्रों का भरोसा व्यवस्था से उठता जा रहा है। झारखंड छात्र मोर्चा ने मांग की है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री का तत्काल इस्तीफा लिया जाय, पूरे नीट परीक्षा प्रकरण की जांच माननीय सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में कराई जाय तथा परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाय।

## पदाधिकारियों ने सरकारी संस्थानों में किया औचक निरीक्षण, दिये निर्देश



**रमना :** डीसी अन्नय मित्तन के निर्देश पर पदाधिकारियों ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों के विभिन्न सरकारी संस्थानों में औचक निरीक्षण किया गया। सीओ सह बीडीओ विकास पांडेय ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में स्वच्छता बनाये रखने पर विशेष जोर देते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने छात्राओं से भी बातचीत कर पठन-पाठन एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लाईब्रेरी और लैब का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्ययनरत छात्राओं से संवाद स्थापित कर पढ़ाई की व्यवस्था एवं उपलब्ध संसाधनों के संबंध में जानकारी ली। वहीं एमओ अनूप कुमार टोप्पो ने प्रखंड के बुलका, गम्हरिया पंचायत में संचालित जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानों में उपलब्ध आवश्यक अभिलेखों की जांच की तथा लाभुकों से बातचीत कर राशन वितरण व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को पारदर्शिता एवं नियमित व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया।

## नशेड़ी भाई ने चाकू मारकर किया घायल

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के नावाटोली में नशेड़ी बड़े भाई ने अपने छोटे भाई को ईंट और चाकू से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अरबाज अंसारी ने बताया कि उसका बड़ा भाई नशा का आदी है तथा जब उसे नशा के लिये पैसा नहीं मिलता है तब वह अपने घर के सभी सदस्यों के साथ मारपीट और गाली-गलौज करता है। नशा के लिये वह प्रतिदिन परिजनों को प्रताड़ित करता है। उसने बताया कि वह सद्दीक चौक स्थित फल दुकान में काम करता है और दुकान में काम करके अपना जीवन बसर करता है। फल दुकान से मिला पैसा वह अपने घर में रखा था ताकि साप्ताहिक लोन भर सके। उसने बताया की मंगलवार को लोन का पैसा लेकर बड़ा भाई अरमान अली अपने दोस्तों के साथ नशा करने चला गया और सारा पैसा नशा करके उड़ा दिया। जब इसका विरोध अरबाज अंसारी ने किया तो बड़ा भाई अरमान अली अपने छोटे भाई अरबाज अंसारी को ईंट और चाकू से सिर में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन में सम्मान समारोह का आयोजन

# सफल प्रतिभागी हुये सम्मानित

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन विद्यालय में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर गढ़वा में 27 अप्रैल से दो मई तक आयोजित विमेंस बॉक्सिंग खेलो इंडिया प्रतियोगिता में दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज मेडल जीत कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन करने वाले सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में थाना प्रभारी विष्णुकांत, प्रसिद्ध चिकित्सक व समाजसेवी डॉ अनिल साह, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, मुखिया रामसागर महतो, अतहर अली, सुरेंद्र गोस्वामी, विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव द्वारा सफल प्रतिभागी करुणा निधि, अर्पणा कुमारी सिल्वर मेडलिस्ट तथा सृष्टि कुमारी ब्रॉन्ज मेडलिस्ट को मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी विष्णुकांत ने कहा कि जीवन में पढ़ाई के साथ खेल जरूरी है, जो नैतिकता एवं आत्मबल को बढ़ावा देता है। उन्होंने बच्चों को शिष्टाचार, कड़ी मेहनत एवं कठोर परिश्रम कर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिये प्रेरित किया। अन्य अतिथियों ने बच्चों की इस उपलब्धि पर उत्साहवर्धन करते हुये राष्ट्रीय स्तर पर सफलता की कामना करते हुये खेल की सुविधाओं एवं आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। खेल प्रशिक्षक रामप्रवेश तिवारी ने विद्यालय में संचालित खेल गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अरुण चौबे, पंकज कुमार पासवान, संजय ठाकुर, राहुल कुमार, संजय गुप्ता, प्रदीप कुमार, पंकज चौधरी, पूजा कुमारी, खुशबू, नेहा कुमारी सहित विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



## कान्स में आलिया भट्ट ने बॉक्स ऑफिस के नजरिए पर सवाल उठाए

आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के पुराने सोच और बॉक्स ऑफिस के नजरिए पर सवाल उठाए हैं। अभिनेत्री का कहना है कि आज भी भारत में ज्यादातर फिल्में पुरुष दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं, जबकि महिला दर्शकों की ताकत को नजरअंदाज किया जाता है। इस मुद्दे पर बात करते हुए उन्होंने हॉलीवुड फिल्म बार्बी की ऐतिहासिक सफलता का उदाहरण भी दिया। बातचीत में आलिया ने कहा कि दुनिया भर में महिला दर्शकों वाली फिल्मों ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने द डेविल वियर्स प्राडा और वुदरिंग हाइट्स जैसे उदाहरणों का जिक्र करते हुए कहा कि महिलाओं को केंद्र में रखकर बनाई गई कहानियां भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर सकती हैं। आलिया ने सवाल उठाया कि जब भारतीय सिनेमा में अक्सर यह कहा जाता है कि 75 प्रतिशत दर्शक पुरुष हैं, तो महिलाओं की पसंद और उनकी भागीदारी को कम क्यों आंका जाता है। आलिया ने आगे कहा कि फिल्मों को किसी एक जेंडर तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि कहानी सबसे अहम होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चाहे फिल्म में हीरो हो या हीरोइन, इससे फर्क नहीं पड़ना चाहिए। कान्स में आलिया लॉरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर शामिल हुई थीं।

## ग्लैमर और स्टाइल से कान्स में छाई उर्वशी रौतेला



उर्वशी रौतेला ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में एक बार फिर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी शानदार मौजूदगी दर्ज कराई। खास बात यह रही कि उर्वशी ने लगातार पांचवीं बार इस प्रतिष्ठित समारोह के रेड कार्पेट पर कदम रखा। अपने ग्लैमरस अंदाज और फैशन सेंस से उन्होंने दुनियाभर के फोटोग्राफरों और फैशन प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उनकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। 79वें कान्स समारोह में उर्वशी ने वियतनामी फैशन लेबल जोलीपोली की सिल्वर गाउन पहनकर रेड कार्पेट पर एंट्री की। अभिनेत्री का यह लुक किसी परी से कम नहीं लग रहा था। बॉडी फिटेड गाउन पर की गई बारीक कारीगरी और चमकदार डिजाइन ने उनके पूरे लुक को बेहद खास बना दिया। इसके साथ उन्होंने मैचिंग ज्वैलरी और एक आकर्षक पर्स कैरी किया, जिसने उनके स्टाइल को और भी निखारा। उर्वशी का हेयरस्टाइल भी लोगों का ध्यान खींचता नजर आया, जिसमें क्राउन स्टाइल का खास टच दिया गया था। रेड कार्पेट पर उनके आत्मविश्वास और ग्लैमरस अंदाज की सोशल मीडिया पर जमकर चर्चा हो रही है।

## बीजिंग में ट्रंप का भव्य स्वागत, एयरपोर्ट से जिनपिंग की दूरी ने बढ़ाई चर्चाएं



# अब आधुनिक भवन में काम करेंगे अधिवक्ता : पीडीजे

### सुलभ न्याय व्यवस्था को नई मजबूती देगा यह भवन : डीसी

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला न्यायिक इतिहास में बुधवार का दिन स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। वर्षों से आधुनिक भवन की प्रतीक्षा कर रहे अधिवक्ताओं का सपना आखिरकार साकार होने की दिशा में बढ़ गया, जब पलामू जिला बार एसोसिएशन के बहुप्रतीक्षित नवनिर्मित भवन का भूमि पूजन एवं शिलान्यास विधिवत रूप से संपन्न हुआ। पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीराम शर्मा, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव व महासचिव अजय कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से पूजा-अर्चना कर भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव व संचालन अधिवक्ता दिवाकर दुबे ने किया। न्यायाधीश श्रीराम शर्मा ने कहा कि किसी भी बार एसोसिएशन के लिये सुसज्जित एवं व्यवस्थित भवन अत्यंत आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि पलामू के अधिवक्ता वर्षों से सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों में कार्य कर रहे थे। गर्मी के दिनों में टीन एवं खपरैल की छत के नीचे बैठकर काम करना अत्यंत कठिन होता था। उन्होंने कहा कि नया भवन बन जाने से अधिवक्ताओं को बेहतर कार्य करने का वातावरण मिलेगा और न्यायिक कार्यों में भी सुविधा होगी। डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि पलामू आने के बाद उन्हें इस ऐतिहासिक कार्य का हिस्सा बनने का अवसर मिला, जो उनके लिये गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि न्यायालय केवल एक संस्था नहीं, बल्कि आम लोगों की उम्मीद और विश्वास का केंद्र होता है। लोग न्याय की आस लेकर अदालत पहुंचते हैं, इसलिये न्याय व्यवस्था को और सुलभ एवं मजबूत बनाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि नये अधिवक्ता संघ भवन के निर्माण से अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिसका सीधा लाभ न्यायिक व्यवस्था और आम जनता को मिलेगा। अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि पलामू जिला अधिवक्ता संघ की स्थापना वर्ष 1892 में हुई थी, लेकिन इतने लंबे समय के बाद भी संघ के पास आधुनिक एवं सुसज्जित भवन नहीं था। उन्होंने कहा कि आज का दिन सभी अधिवक्ताओं के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण है। उन्होंने जानकारी दी कि लगभग 5 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह भवन 80 फीट लंबा और 40 फीट चौड़ा होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले में लगभग 850 अधिवक्ता प्रैक्टिस कर रहे हैं, लेकिन उनके बैठने और कार्य करने के लिये पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। अब यह बहुप्रतीक्षित सपना साकार होने जा रहा है। कार्यक्रम में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार, श्वेता ढींगरा, राजकुमार मिश्रा, आयशा खान, आभास कुमार, सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि शंकर पांडे, गौरव खुराना, डालसा सचिव राकेश रंजन, सौरभ कुमार गौतम, प्रज्ञेष निगम, कमल प्रकाश, निर्भय प्रकाश, रोजलीना बारा, रश्मि चंदेल, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद्र सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, अधिवक्ता संघ कोषाध्यक्ष जयकिशोर पाठक, नितिन कुमार पांडेय, सहायक उपाध्यक्ष देव कुमार शुक्ला, संतोष तिवारी, संजय पांडेय, उमेश कुमार, धीरज कुमार दुबे, गोपाल मिश्र, अखिलेश चांद सिंह, एसएसपी देव, शलभ कुमार, शशि भूषण दुबे, वीरेंद्र कुमार तिवारी, देवेंद्र कुमार पांडेय, संजीव नयन समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## विदेश यात्रा और रोड शो पर रोक लगाएं पीएम, भाजपा करे आत्ममंथन : बिट्टू

**मेदिनीनगर :** कांग्रेस के प्रदेश सचिव जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से पेट्रोलियम पदार्थों के संयमित उपयोग की अपील पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुये केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाया है। आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश को आर्थिक और सामाजिक संकट की ओर धकेल रही है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश ने कई कठिन परिस्थितियों का सामना किया है और हर बार देशवासियों ने एकजुट होकर चुनौतियों का मुकाबला किया। लेकिन वर्तमान हालात यह संकेत दे रहे हैं कि केंद्र सरकार किसी बड़े संकट या आपातकाल जैसी स्थिति की जमीन तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा और केंद्र सरकार को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष लंबे समय से देश में बढ़ती आर्थिक चुनौतियों और अंतरराष्ट्रीय तनाव, विशेषकर ईरान-अमेरिका विवाद के संभावित प्रभावों को लेकर चेतावनी देता रहा है, लेकिन केंद्र सरकार चुनावी राजनीति में व्यस्त रही। सोने के उपयोग को लेकर दिये गये सुझावों पर प्रतिक्रिया देते हुये बिट्टू पाठक ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सोना महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा और सामाजिक परंपरा का अहम हिस्सा है।

## संत मरियम स्कूल के खिलाड़ियों ने भूटान में जीते मेडल



**मेदिनीनगर :** भूटान में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चौंपियनशिप में संत मरियम विद्यालय के चार बाल कराटेकारों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये विद्यालय का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों ने अपनी चुस्ती, फुर्ती और दमदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुये विभिन्न देशों के कराटे खिलाड़ियों को कड़ी टक्कर दी तथा तीन गोल्ड और एक सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। प्रतियोगिता में शुभम् कुमार सिंह, गौरव कुमार सिंह एवं युवराज कोरवा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड तथा शिव दयाल सिंह ने सिल्वर मेडल हासिल किया है। विजेता खिलाड़ियों को निन्जा स्पोर्ट्स फेडरेशन इंटरनेशनल के ग्रैंड मास्टर डॉ विकास सान्धु तथा बॉलीवुड फाइटर मास्टर नीलकंठ साहु द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। बता दें कि यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 9 एवं 10 मई 2026 को भूटान के स्पोर्ट्स हॉल, फुंटशोलिंग में निन्जा स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल एवं इंटरनेशनल पुशामाकू शोतोकान कराटे डू फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित हुई थी। भूटान गई भारतीय टीम का नेतृत्व क्योशी डॉ संतोष कुमार ने किया। जबकि टीम मैनेजर की जिम्मेदारी अनिस्टर यादव ने निभाई। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार खुशी व्यक्त करते हुये उन्हें बधाई दी है।

## पत्रकार समाज का दर्पण, उनकी सुविधाएं सुनिश्चित करना जरूरी : विधायक



**हुसैनाबाद :** प्रगतिशील पत्रकार मंच हुसैनाबाद के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को पत्रकारों की बुनियादी समस्याओं के समाधान एवं कार्यक्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने हुसैनाबाद में पत्रकार भवन निर्माण की मांग उठाई। मंच के अध्यक्ष कमलेश कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में पहुंचे पत्रकारों ने बताया कि वर्ष 1990 से स्थापित प्रगतिशील पत्रकार मंच निष्पक्ष, निर्भीक एवं जनहित पत्रकारिता के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। बावजूद इसके भवन के अभाव में पत्रकारों को समाचार संकलन एवं संप्रेषण में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पत्रकार भवन बनने से हुसैनाबाद, हैदरनगर एवं मोहम्मदगंज प्रखंड के पत्रकारों को सुविधाजनक कार्यस्थल मिलेगा तथा जनसमस्याओं को सरकार तक पहुंचाने में भी आसानी होगी। मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं और विषम परिस्थितियों में भी जनता की आवाज उठाने का कार्य करते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि हुसैनाबाद में सुविधायुक्त पत्रकार भवन का निर्माण उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिये विभागीय स्तर पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।प्रतिनिधिमंडल में संजय ओझा, जितेंद्र प्रसाद, सतेंद्र चंदेल, जितेंद्र रावत, धनंजय कुमार, विकास कुमार, अखलेश पासवान एवं दीप नारायण कुमार सहित मंच के कई वरिष्ठ एवं युवा पत्रकार उपस्थित थे।

# सिंदूरदान के दौरान दुल्हन ने शादी से किया इनकार, बिना दुल्हन लौटे बाराती

बंशीधर न्यूज



**रमना :** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की रात एक शादी समारोह के दौरान उस समय अजीबोगरीब स्थिति उत्पन्न हो गई, जब जयमाला एवं अन्य वैवाहिक रस्में पूरी होने के बाद दुल्हन ने सिंदूरदान के समय शादी करने से साफ इनकार कर दिया। घटना के बाद पूरी रात दोनों पक्षों के परिजन, ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि लड़की को समझाने में जुटे रहे, लेकिन वह अपने फैसले पर अड़ी रही। अंततः बारात को बिना शादी संपन्न हुये वापस लौटना पड़ा। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार रमना थाना क्षेत्र के बगौन्धा टोला निवासी सुखट राम की पुत्री पुष्पा कुमारी की शादी गढ़वा थाना क्षेत्र के जुबैरिया गांव निवासी दशरथ राम उर्फ बसंत राम के पुत्र दीपक कुमार रवि के साथ तय हुई थी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार की रात बारात पूरे गाजे-बाजे के साथ बगोंधा टोला पहुंची। घराती पक्ष के लोगों ने बाराती का बाहें फैला कर गर्मजोशी से स्वागत किया। बारात के स्वागत के बाद जयमाला कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। इसके बाद विवाह मंडप में पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शादी की अन्य रस्में भी पूरी कराई गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब सिंदूरदान की रस्म शुरू हुई और दूल्हा दुल्हन की मांग में सिंदूर भरने लगा तभी दुल्हन पुष्पा कुमारी ने हाथ से सिंदूर हटाते हुये शादी करने से इनकार कर दिया। दुल्हन के इस फैसले से मंडप में अफरा-तफरी मच गई। दोनों पक्षों के परिजन एवं रिश्तेदार काफी देर तक उसे समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही गांव के कई ग्रामीण, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि विरंची पासवान एवं कई जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे और लड़की को समझाने का भरपूर प्रयास किया। पूरी रात पंचायत और बातचीत का दौर चलता रहा। इसके बावजूद लड़की अपने निर्णय पर अडिग रही। सुबह होने तक मामला शांत नहीं हुआ तो लड़के के पिता दशरथ राम उर्फ बसंत राम ने स्थानीय थाना को सूचना दी। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस हस्तक्षेप के बाद भी लड़की शादी के लिये तैयार नहीं हुई। अंततः काफी मशक्कत और निराशा के बाद दूल्हा पक्ष को बिना दुल्हन के ही बारात वापस लेकर लौटना पड़ा। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)